हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 2 सितंबर 2025

04 जोखिम भरा सफरः इटावा-बड़नगर सड़क पर...



07 स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सराही गई ...





## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**सीहोर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-2026 में समर्थन मूल्य पर धान एंव मोटा अनाज (ज्वार एवं याजरा) के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2025 तक होना है। जिसमें प्रतिदिन जिले से कृषकों के पंजीयन, खरीदी एवं भुगतान संबंधी समस्याओं का निराकरण करने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्टर कार्यालय खाद्य शाखा के कक्ष कं.114 में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जारी आदेशानुसार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के लिपिक रवि झारिया एवं सपोर्ट स्टाफ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक नन्दलाल सूर्यवंशी की ड्यूटी लगाई गई है। कर्मचारी किसान पंजीयन, उपार्जन, भुगतान एवं सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं आवेदनों का विधिवत रिकार्ड संधारण करेंगें एवं तत्काल निराकृत की जाने वाली समस्याओं को दूरभाष पर ही संबंधित अधिकारियों की जानकारी में लायेंगे एवं निर्देश प्राप्त कर निराकारण करेंगे। विशेष, आगजनी, बारिश से संबंधित जानकारी भी तत्काल संबधितों/विभाग/उपार्जन केन्द्रो /नोडल अधिकारीयों को सूचित करेंगें। नियंत्रण कक्ष, खरीफ पंजीयन, उपार्जन एवं सम्पूर्ण भुगतान कार्य समाप्ति होने तक कार्य रते रहेगें।

### उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रकिया 15 सितंबर से प्रारंभ

**सीहोर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की प्रकिया का निर्धारण कर 15 सितंबर से 10 अक्टूबर 2025 तक पंजीयन किया जाना है। कलेक्टर बालागुरू के. ने किसानों भाइयों से आग्रह किया है कि समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए निर्धारित समय से पूर्व अपना पंजीयन कराये।

## कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने पहुंचे भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प

# सियासतः राहुल का पुतला फूंकने के बाद झूमा झटकी, धक्का-मुक्की, फिर हुई गाली-गलौज

### राहुल गांधी के बयान से भड़की राजनीति, शुरू हुई बयानबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर की सियासत सोमवार को उस वक्त गरमा गई जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हालिया बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा विरोध जताया। मामला इतना बढ़ा कि कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। इस झड़प में एक भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गया और स्थिति पुलिस थाने तक जा पहुंची।

जानकारी के अनुसार भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर में विरोध प्रदर्शन के लिए किसी अन्य स्थान को छोड़कर सीधे बस स्टैंड स्थित कांग्रेस कार्यालय का रुख किया। इसके साथ ही धरना भी दिया जा रहा था। वहां पहुंचते ही उन्होंने जोरदार नारेबाजी की और राहुल गांधी का पुतला जलाया गया। इस कदम से कांग्रेस कार्यकर्ता भड़क उठे और अपने कार्यालय से बाहर आकर पलटवार शुरू कर दिया। देखते ही देखते दोनों गुट आमने-सामने आ गए और धक्का-मुक्की शुरू हो गई।झड़प इतनी बढ़ी कि एक भाजपा कार्यकर्ता समीर उर्फ नानू घायल हो गया। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जानबूझकर मारपीट की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने जिले की राजनीति में और भी उबाल ला दिया है।

### पुलिस की सतर्कता से टला बड़ा विवाद

हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को अलग किया। पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर स्थिति को काबू में किया, वरना हालात और भी गंभीर हो सकते थे। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





### तनाव के बीच बढ़ा राजनीतिक आरोप प्रत्यारोपों का दौर, बढ़ गया टकराव

इस घटना के बाद सीहोर में राजनीतिक तनाव गहरा गया है। भाजपा कह रही है कि कांग्रेस ने शांति भंग की और महिलाओं का अपमान किया। वहीं कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा गुंडागर्दी कर रही है और प्रशासन उनके दबाव में काम कर रहा है। दोनों दल अब एक-दूसरे के खिलाफ और भी आक्रामक रुख अपनाते नजर आ रहे हैं। सीहोर की इस घटना ने यह साबित कर दिया है कि प्रदेश की राजनीति में तल्खी बढ़ती जा रही है। राहुल गांधी के एक बयान ने भाजपा और कांग्रेस को आमने-सामने खड़ा कर दिया। आने वाले दिनों में यह टकराव और भी गहराने की संभावना है।

### भाजपा का आरोप.. शांति भंग करने की कांग्रेस ने रची साजिश



भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि महिला मोर्चा ने शांतिपूर्ण तरीके से राहुल गांधी और जीतू पटवारी के बयानों के खिलाफ प्रदर्शन किया। लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जानबूझकर माहौल बिगाड़ा, अपशब्द बोले और भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया। इसी कारण एफआईआर दर्ज कराई गई है।भाजपा जिला अध्यक्ष का कहना है कि सच्चाई सामने आने पर यह स्पष्ट होगा कि कांग्रेस ने जानबूझकर माहौल बिगाड़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिर्फ शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया था, लेकिन शांति भंग करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद माहौल और बिगड़ गया।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष बोले- भाजपाई कांग्रेस कार्यालय पर हमला करने आए थे



दूसरी ओर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि भाजपा के बड़े नेता और कार्यकर्ता लाठियों के साथ कांग्रेस कार्यालय पर हमला करने आए थे। वीडियो में भाजपा कार्यकर्ता कार्यालय में आग लगाने और लोगों को बाहर खींचने की धमकी देते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस मूकदर्शक बनी रही और कार्रवाई करने के बजाय कांग्रेसियों पर ही एफआईआर दर्ज कर दी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में सबूत सौंपते हुए भाजपा नेताओं पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने साफ कहा है कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होगी, वे गांधीवादी तरीके से धरना देंगे और विरोध जारी रखेंगे।




### विधायक सुदेश राय और जिलाध्यक्ष पहुंचे थाने

घटना के बाद भाजपा विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर सहित दर्जनों कार्यकर्ता सीधे कोतवाली थाने पहुंचे। वहां उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पंकज शर्मा और केके रिछारिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। भाजपा का आरोप है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन में कांग्रेस ने उपद्रव किया और महिलाओं के प्रति भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया।




### जिले में 855.9 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 25.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 12, मिलीमीटर, श्यामपुर में 40, आष्टा में 5, जावर में 3, इछावर में 5, भैरूंदा में 60, बुधनी में 70.5, रेहटी में 5.6मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 1 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 855.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 933.4 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋ़तु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 01 सितम्बर 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 807.6, मिलीमीटर, श्यामपुर में 764.9, आष्टा में 669, जावर में 557.6, इछावर में 825.3, भैरूंदा में 910, बुधनी में 1206.5 तथा रेहटी में 1106.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### सेप्टिक टैंक में डूबने से बालिका की मौत

**सीहोर।** ग्राम जहांगीरपुरा में एक 14 साल की बालिका की डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जहांगीरपुरा में रहने वाली सलोनी लोधी पिता जीतू लोधी घर के पीछे खेल रही थी। इसी दौरान पास ही बने सेप्टिक टैंक में जा गिरी जिस के कारण बालिका की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है, कि मकान निर्माण के दौरान टैंक की खुदाई की गई थी। जिसमें बारिश का पानी भरा हुआ था। बालिका की डूबने की सूचना मिलने पर परिजनों उसे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों मृत घोषित कर दिया।

### नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सहित श्रद्धालुओं का स्वागत



**सीहोर।** सोमवार से अग्रवाल महिला मंडल के तत्वाधान में आरंभ हुई सात दिवसीय भागवत कथा के पहले दिन निकाली गई शोभा यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर शामिल हुए। इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने शहर की आन, बान और शान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सहित यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कथा स्थल पर नियमित रूप से साफ-सफाई, बेरिकेटिंग और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा करते हुए यहां पर उपस्थित थे।


## कड़ी मेहनत की बादौलत अमन ने डांस पावर-2 में हासिल किया मुकाम

# छोटे से कस्बे से निकल बॉलीवुड और टीवी की दुनिया में अमन ने लहराया अपना परचम, निभाईं अहम भूमिकाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर


मंजिल उन्हीं को मिलती है , जिनके सपनों में जान होती है। पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है ₹ इन पंक्तियों को सच साबित कर दिखाया है नगर के अमन पुष्पद ने ।जो अपने जुनून , जज्बा और मेहनत की बदौलत आज मनोरंजन की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना चुके है। हालही में 9 एक्सएम चैनल पर टेलीकास्ट होने वाले रियलिटी शो इंडियाज़ डांस पावर सीज़न 2 में अमन ने अपनी प्रतिभा के दम पर शामिल होकर न सिर्फ ग्रैंड फिनाले में जगह बनाई बल्कि बॉलीवुड के कई नामचीन हस्तियों के साथ काम करने के अलावा कई टीवी शो में भी अहम किरदारों की भूमिका निभा रहे है।

सीहोर जिले के छोटे से कस्बे इछावर में रहने वाले मुकेश पुष्पद के पुत्र अमन को बचपन से ही डांस का शौक था, लेकिन विषय परिस्थिति और उचित मार्गदर्शन के अभाव में इस प्रतिभा को उचित मक़ाम नहीं मिल रहा था। लेकिन अमन ने हार नहीं मानी। मंजिल पाने का जूनून और उसके लिए कड़ी मेहनत जारी रखी।



आखिरकार अमन ने हालही में वह मुक़ाम हासिल कर ही लिया जिसकी चाहत उसे बचपन से थी। 9 एक्सएम चैनल पर टेलीकास्ट होने वाले रियलिटी शो इंडियाज डांस पावर सीजन 2 में अमन ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए न सिर्फ फाइनलिस्ट में अपनी जगह बनाई, बल्कि कई टीवी शो में भी अहम भूमिकाओं में अपना किरदार निभा रहे है। सिर्फ़ इतना ही नहीं, अमन अब तक कई बॉलीवुड के नामचीन एक्टर्स के साथ काम कर चुके हैं और दो से तीन बड़े टीवी रियलिटी शोज़ का हिस्सा रह चुके हैं। वे इन शोज़ में कोऑर्डिनेटर के रूप में भी ज़िम्मेदारी निभा चुके हैं ।अमन का कहना है कि छोटे से कस्बे से निकलकर बड़े शहरों में काम करना आसान नहीं था, लेकिन मेहनत और जुनून से सब मुमकिन हुआ। मेरा सपना है कि इछावर का नाम देशभर में रोशन हो और मेरे जैसे छोटे कस्बों के युवा अपने सपनों को पूरा करने का साहस जुटाएँ। अमन की उपलब्धि की नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

**इन शो में कर चुके हैं काम :** डांस का दंगल सीजन-2, डांस का दंगल सीजन-3, टैलेंट प्लस -2।



अमन का कहना है कि मैंने हमेशा यही सीखा है कि अगर मेहनत और विश्वास हो तो कोई भी सपना छोटा नहीं होता। इछावर से निकलकर बड़े मंच तक पहुँचना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं चाहता हूँ कि मेरी जर्नी से छोटे कस्बों के युवा भी प्रेरित हों और अपने हुनर पर विश्वास करें।

## हिंदु उत्सव समिति की बैठक में लिए कई निर्णय



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर अनन्तुर्दशी चल समारोह का एक अपना अतीत व इतिहास रहा है। जिसको पुनः जीवित करने के लिये विगत तीन वर्षो से हिन्दु उत्सव समिति सक्रीय भूमिका का निर्वहन कर प्रतिवर्ष नगर के चलसमारोह में शामिल होने वाले समस्त अखाड़ों एवं भव्य व आक र्षित चलित झाँकी निर्माताओं, शहर के व्यापारियों एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक आयोजित कर चलसमारोह को भव्यता प्रदान करने हेतु सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए सुझाव दिये और कहा कि चलसमारोह अपने निर्धारित समय से रात्रि 10 बजे स्थानीय कोतवाली चौराहे से प्रारंभ होगा। सर्वप्रथम झाँकी एवं अखाड़े कोतवाली चौराहे पर लाने वालों को समाजसेवी अखिलेश राय द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी।

साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा समस्त अखाड़ों एवं झाँकी संचालकों को स्थानीय लिसा टाकिज चौराहे पर पुरुस्कृ त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। हिन्दु उत्सव समिति द्वारा कोतवाली चौराहे पर समस्त अखाड़ों व झाँकियों के कलाकारों को पुरुस्कृत कर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने झाँकी व अखाड़े वालों यथासम्भव व्यवस्था करने हेतु आश्वासन देते हुए कहा कि सदियों से चली आ रही हमारी प्राचीन परम्परा को समरसता के साथ निभाने के लिये यथा सम्भव प्रयास किये जायेगें। हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने इस मौके पर अपने सम्बोधन में कहा कि सीहोर का अनन्तचतुर्दशी चल समारोह धीरे-धीरे अपने पुनः इतिहास की ओर लोट रहा है।

अब सीहोर के समस्त अखाड़ों एवं झाँकी संचालकों द्वारा आकर्षक व दिव्य झाँकियाँ निकाली जावेगी जो कि सभी दर्शकों का मन मौह लेगी, वहीं आखाड़ों के पहलवानों द्वारा हेरत अगेंज करतब दिखाये जायेगें, जिसमें मातृ शक्ति की भी अहम भूमिका रहेगी।हिन्दु उत्सव समिति की बैठक सोमवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के मुख्य आतिथ्य व समाजसेवी कमलेश कटारे के विशेष आतिथ्य, हिन्दु उत्सव समिति के संस्थापक किशोर कौशल, महेश्वरी समाज के अध्यक्ष योगेश राठी, वरिष्ठ पार्षद कमलेश राठौर, राजेश मांझी, मुकेश मेवाड़ा, लोकेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार हरिओम दाऊ, अखाड़ा संघ अध्यक्ष राजु राठौर, समाजसेवी कमलेश अग्रवाल, दर्जी समाज के पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र आर्य की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने की।

## खबर संक्षेप



### गणेशोत्सव के बाद निकालेंगे ईद उल नबी जुलूस

**सीहोर।** मुस्लिम त्यौहार कमेटी ने बढ़ा फैसला लिया है। गणेशोत्सव को ध्यान में रखते हुए कमेटी ने ईद मिलाद उल नबी के जुलूस की तारिख में फेरबदल कर दिया है। शहर में जुलूस आठ सितंबर सोमवार को निकलेगा और पांच सितंबर शुक्रवार जुमे को पैगंबर मुस्तफा नबीए करीम की यौमें पैदाईश पर लंगर लगेगा। सोमवार को सराय में कमेटी सरंक्षक नौशाद खान, नईम नबाव, शरीफ खान की सरपरस्ती में मुस्लिम त्यौहार कमेटी जिलाध्यक्ष अंसार अहमद पठान और शहर अध्यक्ष रैहान नबाव के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हिन्दू भाईयों के द्वारा शहर में मनाए जा रहे गणोशोत्सव और बाजार में बनी झांकियों और पांच सितंबर को जुलूस निकाले में आने वाली परेशानियों पर चर्चा की गई जिस के बाद सभी की रजामंदी से ईद मिलाद उल नबी का जुलूस गणोशोत्सव के बाद आठ सितंबर को निकालना तय किया गया। शहर अध्यक्ष रैहान नबाव ने कहा कि हिन्दू भाईयों के द्वारा पवित्र गणोशोत्सव मनाया जा रहा है ऐसे में जुलूस निकालना सही नहीं होगा। हम पांच सितंबर शुक्रवार जुमे को पैगंबर मुस्तफा नबीए करीम की यौमें पैदाईश पर लंगर का आयोजन करेंगे।

### पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल की माता का हुआ निधन



**बुधनी।** क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल की माता रामरति पटेल का सोमवार को राजधानी भोपाल में निधन हो गया सोमवार को उनके निज निवास अरेरा कॉलोनी भोपाल में अंतिम दर्शन के बाद उनकी पार्थिव देह को गृह ग्राम बकतरा ले जाया गया जहां आज यानी मंगलवार प्रातः 10:00 बजे हथनोरा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही।

### बारिश के मौसम में गड्ढे में तब्दील हुई सड़क, वाहन चालक हो रहे परेशान

# जोखिम भरा सफर: इटावा-बड़नगर सड़क पर गड्ढे, जाम में रेंग रहे वाहन

जनवरी में ही करोड़ों रुपए खर्च कर इस सड़क की मरम्मत और नया निर्माण किया गया था। लेकिन हर बार की तरह सिर्फ लीपापोती हुई और बरसात आते ही सड़क उखड़कर बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





इटावा , बड़नगर मार्ग पर सड़क की हालत लगातार बद से बदतर होती जा रही है। रविवार को हुई तीन घंटे की मूसलाधार बारिश के बाद हालात ऐसे बने कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों में कई ट्रक और बसें फंसकर घंटों तक जाम लगा रहा। इस दौरान यात्री जान जोखिम में डालकर गड्ढों से निकलते नजर आए। ग्रामीणों ने इसे "चाँद की सतह जैसी सड़क" बताते हुए कहा कि अंदाजा लगाना मुश्किल है कि वाहन किस ओर से सुरक्षित निकाले जाए।

#### राहगीरों स्थानीय लोगों का आरोप-करोड़ो रुपए खर्चा फिर भी जोख़िम भरा सफर

स्थानीय लोगों का कहना है कि जनवरी में ही करोड़ों रुपए खर्च कर इस सड़क की मरम्मत और नया निर्माण किया गया था। लेकिन हर बार की तरह सिर्फ लीपापोती हुई और बरसात आते ही सड़क उखड़कर बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई।

**वीडियो वायरल जान जोख़िम में डाल सफ़र करने को मजबूर :** वीडियो में साफ दिखा कि सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं और भारी वाहन उसमें धंसकर जाम लगा रहे हैं। इससे न केवल घंटों यातायात बाधित हुआ बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रही। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग इटावा से बड़नगर तक सैकड़ों गांवों को जोड़ता है, ऐसे में इस खराब सड़क से रोजाना हजारों लोग प्रभावित होते हैं।

#### बरसात आते ही गड्ढे में तब्दील हुई सड़क लोग परेशान

हर वर्ष बारिश के मौसम में इसी तरह सड़क की परत उखड़ जाती है और गड्ढों से भर जाती है। करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी गुणवत्तापूर्ण काम न होने की वजह से जनता बार-बार परेशानी झेलने को मजबूर है। ग्रामीणों ने तंज कसते हुए कहा कि "इतना घटिया निर्माण काम हुआ है कि बेशर्मी को भी शर्म आ जाए।"

#### जनता का सवाल – कब मिलेगा स्थायी समाधान?

लोगों ने शासन-प्रशासन से सवाल किया कि आखिर हर बार बजट निकलने और ठेकेदारों को भुगतान होने के बावजूद सड़क क्यों टिकाऊ नहीं बनती? जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान कब देगा?

## शिक्षक और विद्यार्थियों ने शिक्षा उत्थान, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प लिया



**इछावर।** म.प्र शिक्षक संघ द्वारा सोमवार को जिले भर के सभी निजी और सरकारी स्कूलों में हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने शिक्षा उत्थान, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया। इस दौरान सभी ने एक स्वर में विशेष संकल्प लेते हुए एक स्वर में कहा कि हमारा विद्यालय - हमारा तीर्थ है , हमारी आत्मा का अभिमान है और राष्ट्र निर्माण का आधार है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शैक्षणिक प्रगति के साथ चरित्र निर्माण पर दिये जाने वाले जोर को ध्यान में रखते हुए शिक्षक संघ द्वारा यह अभियान शुरू किया गया है। इसी के तहत ब्रिजीशनगर संकुल केंद्र के मिडिल स्कूल नादान, अलीपुर , बोरदी कला , लसूड़िया कांगर, कालापीपल , सोहनखेड़ा , वीरपुर सहित विभिन्न स्कूलों में हमारा विद्यालय , हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## रात में घर में घुस कर चोरी करने वाले चोर को गोपालपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**भैरुंदा।** करीब 3 माह पहले थाना गोपालपुर के तहत ग्राम चौरसाखेड़ी के रहने वाले दीपक बकरिया ने रिपोर्ट किया कि अज्ञात चोर द्वारा उसके घर में घुसकर मोबाइल,सोने की पांचाली व नगदी रुपए चोरी कर लिए है। रिपोर्ट पर थाना गोपालपुर पर अपराध क्रमांक 111/250धारा 305,331(4) BNS में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत व एसडीओपी के मार्ग दर्शन में एवं थाना प्रभारी निरी. महेन्द्र सिंह गौड़ के नेतृत्व में गोपालपुर पुलिस द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया घटना दिनांक के बाद से ही पुलिस लगातार आरोपियों की पतारशि के प्रयास के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक बाहरी व्यक्ति लड़का छीपानेर में संदिग्ध रूप से घूम रहा है। सूचना को गंभीरता से लिया उस लड़के से सख्ती से पूछताछ करते उसने अपना नाम मनीषराम पिता एवलाल परधी उम्र 19 साल निवासी धावड़ाघाट थाना शिवपुर जिला नर्मदापुरम का होना बताया ओर पूछताछ करते अपने साथी शिव पारदी के साथ मिलकर चोरसाखेड़ी को घटना कारीत करना बताया। आरोपी के कब्जे से चोरी गया। मोबाइल बरामद किया व आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा मामले के अन्य एक आरोपी शिवा पारदी की तलाश की जा रही है।

## पूर्व सैनिकों के वार्षिक मिलन समारोह में देशभक्ति के गीतों से छात्रों ने बांधा समां



**सीहोर।** रविवार को शहर के चंद्र शेखर आजाद पीजी कॉलेज एक्स सर्विसमैन लीग द्वारा वार्षिक मिलन समारोह रखा गया जिसमें जिले के सभी पूर्व सैनिक परिवार सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी मुकेश इटावदिया ने बताया कि यह वार्षिक मिलन समारोह प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है जिसमें विशेष अतिथि के रूप में जनरल अशोक कुमार एवं ब्रिगेडियर अरुण नायर सेना मेडल की उपस्थिति विशेष रहती है इस कार्यक्रम में बच्चे अपनी देश भक्ति से प्रेरित प्रस्तुति देते है जो सभी का मन मुग्ध कर देती है इस कार्यक्रम में जिले के गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया जाता है जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सुदीप प्रजापति, डॉ गगन नामदेव, लखन ठाकुर उपस्थित रहकर बच्चों को पुरस्कार वितरण किया मिलन समारोह के अंत में राष्ट्रीय गीत हुआ और लिग के अध्यक्ष हुकुम सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

**मवेशी छोड़ने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई :** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें।

## नगर में विराजे गजानन...



**सीहोर।** पुराना बस स्टैंड गंज बजरिया पर बाल युवक संगठन 33 वर्षों से विराजमान समिति अध्यक्ष शशांक चौरसिया



**सीहोर।** माता मंदिर चौराहा गंज श्री राम गणेश उत्सव समिति समिति 17 वर्षों से विराजमान अध्यक्ष शिवा सोलंकी



**सीहोर।** शडॉ अंबेडकर नगर गंज सीहोर पार्वती गणेश उत्सव समिति द्वारा 18 वर्षों से विराजमान गणेश प्रतिमा अध्यक्ष नीरज सिंह



**सीहोर।** तुलसी चौराहा गज उपकार गणेश उत्सव समिति 45 वर्षों से विराजमान गणेश प्रतिमा समिति अध्यक्ष राकेश राठौर

## तेजा दशमी पर घोषित हो शासकीय अवकाश जाट समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**भैरुंदा।** तेजा दशमी पर्व पर 2 सितंबर को शासकीय अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर जाट समाज ने क्षेत्रीय विधायक व जिला कलेक्टर के नाम भैरूंदा एसडीएम सुधीर सिंह कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया क्षेत्र जाट समाज में लोकदेवता सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज के इस पर्व से व्यापक जन आस्था जुड़ी है। सभी मिलजुल कर तेजा दशमी का पर्व बड़े ही हरसोलस के साथ मनाते हैं। इसलिए प्रदेश में शासकीय अवकाश घोषित किया जाए। इसी दौरान सभी एसडीएम कार्यालय में पद भार ग्रहण करने पर सामाजिक लोगों ने एसडीएम सुधीर कुशवाहा का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

### जिले के सभी किसानों की सुनिश्चित की जाए फार्मर रजिस्ट्री: कलेक्टर

# नगरीय निकायों की डीपीआर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने वाले सीएमओ को कलेक्टर ने लगाई जमकर फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि ऐसे प्रकरण जिनका निराकरण नियमानुसार किया जाना संभव नहीं है उन्हें फोर्स क्लोज किया जाए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने विगत बैठकों में सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को अपने नगरीय निकायों की डीपीआर रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे, लेकिन सीहोर सहित कई नगरीय निकायों के सीएमओ ने अभी तक यह डीपीआर रिपोर्ट प्रस्तुत नही की। इसके लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने डीपीआर रिपोर्ट प्रस्तुत नही करने वाले सभी सीएमओ को जमकर फटकार लगाई और उनके विरूद्ध कार्रवाई के लिए वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्ताव भेजने की चेतावनी दी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों के कार्यालयों का वातावरण इस प्रकार व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाएं कि उस कार्यालयों में आने वाले बुजुर्गों को किसी प्रकार की असहजता और परेशानी का सामना न करना पड़े और वे भावनात्मक रूप से सहजता महसूस करें।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नलजल योजनाओं में जिन जल उपभोक्ताओं द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक जल लिया जा रहा है उन्हें उस जल की अतिरिक्त राशि बिल में जोड़कर दी जाए। उल्लेखनीय है कि नलजल योजना के तहत एक दिन में एक व्यक्ति के लिए 55 लीटर जल प्रदाय की मात्रा निर्धारित है। बैठक में उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव के दौरान सीहोर के सिद्धि विनायक गणेश मंदिर पर जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है वे अपनी ड्यूटी समयपूर्व पहुंचकर पूरी मुस्तैदी से करें। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में उर्वरक एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके लिए ग्रामीण स्तर पर आवश्यकता का आंकलन कर योजना बनाई जाए। बैठक में उन्होंने वन खंडों के व्यवस्थापन, वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन और भू अर्जन की अब तक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व एवं वन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन व्यवस्थापन एवं संपरिवर्तन की कार्यवाही में गति लाई जाए।

### स्कूल से संभागीय क्रिकेट टीम में चयन



**भैरुंदा।** तहसील छोटे से गांव चीच के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का छात्र प्रिंस वर्मा 19वर्षीय का संभागीय क्रिकेट टीम में चयन हुआ। जो कि सीहोर जिले के पीजी कॉलेज ग्राउंड पर तीन दिवसीय क्रिकेट अपनी टीम में खेलते दिखाई देंगे। टीम अच्छा प्रदर्शन कर उपलब्धि हासिल करेंगे। उपलब्धि कोच राकेश पंवार ( रक्का) की कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण से मिली है। जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। एक कोच उनकी मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन का परिणाम है। जो उन्हें गांव के स्कूल और तहसील स्तरीय क्रिकेट से प्रदर्शन के बाद जिला स्तर पर चयन और फिर राज्य और संभागीय टीम के लिए खिलाड़ी के रूप में चयन किया गया। जिससे वे क्रिकेट के बड़े मंच तक पहुंचे। राकेश पंवार वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चीच में पीटीआई पद पर अपनी सेवा दे रहे हैं। जो कि अपनी टीम के साथ सीहोर में रहेंगे। स्कूल के प्राचार्य नारायण पंवार एवं ग्रामवासी खुशी का माहौल है और उन्होंने ने प्रिंस वर्मा के उज्वल भविष्य की कामना की।

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मै रामसभा खेलवाल पत्नि स्व.श्री लक्ष्मीनारायण निवासी ग्राम फरड कोठरी तहसील कालपीपल जिला शाजापुर म.प्र. मेरे पुत्र के आधार कार्ड मे त्रुटीवश नाम प्रियांशु (PRIYANSHU) दर्ज हो गया है जबकि मेरे पुत्र का सभी शासकीय दस्तावेज अंक सूची जन्म प्रमाण पत्र मे वास्तविक नाम मनीष खेलवाल (MANISH KHELWAL) पुत्र स्व.श्री लक्ष्मीनारायण खेलवाल है। अतः प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र का नाम मनीष खेलवाल के नाम से जाना व पहचाना जावे ।
सर्व साधारण को सूचित होवे ।

**भवदीय - श्रीमति रामसभा खेलवाल पत्नि स्व. श्री लक्ष्मीनारायण खेलवाल निवासी ग्राम फरड कोठरी तहसील कालपीपल जिला शाजापुर म.प्र.**

### परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया ने अन्य देशों के प्रतिनिधियों के सम्मुख दिया प्रजेंटेशन

परियोजना से किसानों के जीवन में आए बदलावों पर विस्तार से डाला प्रकाश

# स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सराही गई मोहनपुरा सिंचाई प्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कम पानी से अत्यधिक क्षेत्र में सिंचाई के चलते राजगढ़ जिले की मोहनपुरा, कुंडालिया दाबयुक्त सिंचाई परियोजना न केवल भारत के अन्य राज्यों में अपनाई जा रही है बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इस परियोजना को काफी सराहना मिल रही है। विश्व के कई देश अपने यहां भी इस तरह की सिंचाई परियोजना के क्रियान्वयन में लगे हुए हैं।

इसी कड़ी में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) द्वारा 24 से 28 अगस्त तक आयोजित 'वर्ल्ड वाटर वीक 2025' में अनेकों देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान जिले की मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजना के प्रशासक विकास राजोरिया को भी इस भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ। राजोरिया ने जलवायु स्मार्ट जल संसाधन एवं सिंचाई प्रबंधन सत्र में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उक्त परियोजना के लाभों से दूसरे देशों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया।

इस दौरान राजोरिया ने मोहनपुरा-कुंडालिया जैसी परिवर्तनकारी दाबयुक्त पाइप सिंचाई प्रणालीः आर्थिक बाधाओं का समाधान विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत लगभग 1100 से अधिक गांवों में 2 लाख 90 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में आज सिंचाई की जा रही है। इस परियोजना के कारण मध्यप्रदेश के 4 लाख से अधिक किसानों के जीवन में आमूलचूल बदलाव आया है।



## परियोजना के यह फायदे विस्तार से बताए

सिंचाई के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली इस परियोजना के बारे में राजोरिया ने विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि इससे जल उपयोग दक्षता में 2.5 गुना की वृद्धि हुई है वहीं क्षेत्र में किसानों, मजदूरों का पलायन रुका है। इसके साथ ही कृषि उत्पादकता में भी 4 गुना तक वृद्धि दर्ज की गई है। आमजनों की आजीविका और शिक्षा के परिणामों में इससे सुधार देखने मिला है। अंत में राजोरिया ने उक्त वैश्विक मंच पर सिंचाई के क्षेत्र में बदलावों के प्रस्ततुतीकरण के लिए अपने सहयोगी शुभंकर विश्वास, मध्यप्रदेश के जल संसाधन विभाग और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) का आभार व्यक्त किया।

### विभिन्न वैश्विक मंचों पर सराही जा चुकी है यह परियोजना

आपको बतादें कि मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाइ परियोजना को सर्वश्रेष्ठ समन्वित जल संसाधन प्रबंधन (आईडब्ल्यूआरएम) के लिए सीबीआईपी अवार्ड-2024 से नवाजा जा चुका है। इसके साथ ही परियोजना के लाभकारी परिणामों को देखते हुए गुजराज और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य अपने यहां इस तरह की परियोजना पर काम कर रहे हैं। गत 8 से 10 जनवरी 2025 को आयोजित 12वें अंतराष्ट्रीय जल एवं पर्यावरण सम्मेलन में कईं देशों के प्रतिनिधियों के सम्मुख यह परियोजना सराही जा चुकी है। इसके साथ ही सितंबर 2024 में इस आधुनिक सिंचाई परियोजना को देखने, समझने सितंबर 2024 में मोरक्कों का एक दल 2 दिवसीय दौरे पर राजगढ़ जिले में आ चुका है।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में लववंशी ने किया सारंगपुर का नाम रोशन



**सारंगपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कालीकट, केरल में आयोजित दीक्षांत समारोह में नगर के होनहार छात्र रामेश्वर लववंशी ने सफलता प्राप्त कर सारंगपुर का नाम गौरवान्वित किया है। यह समारोह भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय में मंत्री एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। रामेश्वर लववंशी पिता प्रेम नारायण पटेल के सुपुत्र एवं जयनगर नगर मंडल उपाध्यक्ष विनोद लववंशी के अनुज हैं। उनकी इस उपलब्धि पर नगर के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भेरूलाल पुष्पद, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, पार्षद भानु सिंह, पूर्व महामंत्री दिनेश सिसोदिया, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, सरपंच इंदर सिंह, नवीन रुण्डवाल, डॉ. ईश्वर सिंह, मोहन सिंह पटेल, निहाल राधेश्याम, पीरु लाल लाइनमैन, मणि शंकर पाटीदार, देवी सिंह पटेल तथा राधानगर सहित अनेक नागरिकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

निर्धारित दस्तावेजों के संचालित हो रही थी यात्री बसें

# आरटीओ टीम ने 5 यात्री बसों पर ठोका 28 हजार का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र से निकले राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य आंतरिक मार्गों पर शासन के निर्देशों की अवहेलना करते हुए यात्री बसों का संचालन किया जा रहा है। लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए परिवहन विभाग ने दो दिवसीय चेकिंग अभियान चलाते हुए बगैर फिटनेस, बीमा और परमिट के संचालित हो रही पांच यात्री बसों पर 28 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

आरटीओ ज्ञानेंद्र वैश्य के निर्देशन 30 एवं 31 अगस्त को राजगढ़ क्षेत्र में यात्री बसों की चेकिंग के लिए अभियान चलाया गया। चेक प्वाइंट-1 प्रभारी अनामिका कोली के नेतृत्व में हुई इस कार्यवाही के दौरान यात्री बसों में दस्तावेजों की कमी, फिटनेस, पीयूसी की अवधि समाप्त होने एवं क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने की लापरवाहियां सामने आईं। नियमों के उल्लंघन पर पांच यात्री बसों पर 28 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया है।

**सतत रूप से जारी रहेगा चेकिंग अभियान-** इसके साथ ही परिवहन विभाग द्वारा बस संचालकों को चेतावनी दी गई है कि वे यात्री सुरक्षा से जुड़े सभी प्रावधानों का पालन करें एवं आवश्यक दस्तावेज समय पर नवीनीकृत रखें। आरटीओ वैश्य ने कहा कि यह चेकिंग अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी सूरत में बख्सा नहीं जाएगा।

# पानी में डूबने से गौरव पांचाल की मोत, हादसे से शोक छाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



नगर के मुंदड़ा कॉलोनी निवासी गौरव पांचाल की बांध में डूबने से मौत की जानकारी लोगों को लगी बांध के घाट किनारे भारी भीड़ जमा हो गई मिलने जुलने वाले सहित आम लोगों में शोक छा गया।

रविवार सुबह यह दर्दनाक हादसा हुआ , जहां दोस्तों के साथ नहाने गए गोरव की पानी में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गोरव पांचाल गहरे पानी में चला गया और बाहर नहीं निकल पाया। काफी प्रयासों के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और अन्य व्यक्ति मौके पर पहुंचे । जहां पर लखन मेवाड़े , कमल वर्मा रमेश बरोज , निर्मल गुप्ता के द्वारा गहरे पानी में गुपचियां लगाकर निकलने का प्रयास किया गया एवं बड़ी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार गौरव पिता दिलीप पांचाल मुंदडा कॉलोनी में निवास करते हैं गोरव दिलीप पांचाल का इकलौता पुत्र था, वह शासकीय महाविद्यालय में बीएससी सेकंड ईयर का छात्र था एवं सामाजिक तथा धार्मिक क्षेत्र में हमेशा अपनी सक्रिय भागीदारी निभाता था मुंदड़ा कॉलोनी में नवनिर्मित महादेव मंदिर में मंदिर सजावट में हमेशा विशेष रुचि रखकर कार्य करता था। इस हादसे से मुंदड़ा कॉलोनी सहित परिजनों नगर में मातम का माहौल छा गया है।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के सामने बाइक सवार ने महिला टीचर को मारी टक्कर, महिला घायल

# सिटी पोर्शन मार्ग पर गति अवरोधक नहीं होने से हो रही दुर्घटनाएं, शासन का नहीं इस ओर कोई ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

नगर में नवनिर्मित सिटी पोर्शन मार्ग पर प्रशासन की लापरवाही से तेज गति से दौड़ रहे वाहनों से मार्ग पर स्थित स्कूलों अस्पताल तथा मुख्य कार्यालयों एवं चौराहों पर डायवर्शन घूम के प्रमुख मार्गों पर गति अवरोधक नहीं होने से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं। हाल ही में एक ताजा मामला शुक्रवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के सामने का आया है।

जिसका वीडियो सोशल मडिया पर शनिवार को सामने आया है जहां पर तहसील चोराहा से रांग साइड तेज गति से आ रहे। मोटरसाइकल सवार ने स्कूटी सवार महिला टीचर को टक्कर मारी दी जिससे महिला टीचर घायल हो गई। उत्कृष्ट विद्यालय में पदस्थ टीचर



तरुणा विश्वकर्मा से मिली जानकारी अनुसार बताया कि सुबह अपने घर स्कूल के लिए निकली तभी उत्कृष्ट विद्यालय घुम टर्न लेकर स्कूल में जा रही थी तभी रॉन्ग साइड तहसील चौराहे से तेज रफ्तार से आ रहे मोटरसाइकिल सवार युवक ने मुझे टक्कर मार दी इसके बाद में बेहोश हो गई। मुझे स्कूली बच्चों एवं आसपास के मौजूद लोगों ने शासकीय अस्पताल पहुंचाया। जहां मेरा इलाज चल रहा है मुझे हाथ पैर और सिर में गंभीर चोट आई है। इस मामले में मैंने खिलचीपुर थाने में शिकायती आवेदन दिया है। वहीं प्रशासन को संज्ञान लेते हुए समय पर इन संवेदनशील स्थानों पर गति अवरोधक एवं स्पीड लिमिट बोर्ड लगाए जाने चाहिए ताकी भविष्य में कोई भी गंभीर दुर्घटना होने से रोका जा सके।

# नपा कर्मचारी पुष्पद सम्मान के साथ हुए सेवानिवृत्त



**सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद सारंगपुर में कार्यरत सहायक ग्रेड-2 मांगीलाल पुष्पद 31 अगस्त को 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर सेवामुक्त हुए। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे की उपस्थिति में नगर पालिका कार्यालय में भावनात्मक विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ, श्रीफल एवं शॉल ओढ़ाकर श्री पुष्पद का सम्मान किया। इस दौरान वक्ताओं ने उनके लम्बे सेवा काल को नगर पालिका के लिए अमूल्य बताते हुए कहा कि उन्होंने अपनी कर्मनिष्ठा, ईमानदारी और सौम्य स्वभाव से संस्था की गरिमा को बढ़ाया। कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पुष्पद सदैव मार्गदर्शन और सरल स्वभाव के लिए सभी के बीच प्रिय रहे हैं। विदाई समारोह में राज्य कर्मचारी संघ पदाधिकारी धर्मेन्द्र वर्मा, अतुल सक्सेना, घासीराम मालवीय द्वारा हाल ही में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों शाकीर कुरैशी (सहा.रा.निरी.), कैलाश माली (पंपकुली) तथा वर्तमान सेवानिवृत्त मांगीलाल पुष्पद (सहा.ग्रेड-02) का सम्मान किया गया। इस अवसर पर निकाय उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप राठौर, सुनील बागवान, पूर्व पार्षद शिवचरण पुष्पद, पूर्व माली समाज अध्यक्ष शिव काका सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जन्म-जन्मांतर के पुण्य से मिलता है संतसंग : पं. मनीष शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में शनिवार से सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य धार्मिक माहौल में हुआ। पहले दिन व्यासपीठ पर विराजमान पंडित मनीष शास्त्री ने कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि संतसंग और भागवत कथा का श्रवण जन्म-जन्मांतर के पुण्यों का फल है। यह साधारण अवसर नहीं, बल्कि जीवन को सार्थक बनाने का अद्भुत माध्यम है।" शास्त्री ने श्रीमद्भागवत को कल्पवृक्ष बताते हुए कहा कि जैसे कल्पवृक्ष से मनुष्य को इच्छित फल प्राप्त होता है, उसी प्रकार भागवत कथा श्रवण से मनोवांछित फल मिलता है। उन्होंने कहा कि यह कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान



नहीं है, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली दिव्य धारा है, जो श्रद्धा, भक्ति और कर्म में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है।

प्रथम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर प्रांगण में एकत्र हुए और वातावरण भक्ति-भाव से सराबोर हो उठा। शास्त्रीजी ने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण का साक्षात स्वरूप है, जिसके श्रवण मात्र से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और आत्मा-परमात्मा से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। सप्तदिवसीय कथा प्रतिदिन रात्रि 8 से 11 बजे तक आयोजित की जा रही है। श्रद्धालु सामूहिक भजन-कीर्तन और प्रवचनों का आनंद ले रहे हैं। कथा का समापन 5 सितम्बर को महाप्रसादी वितरण के साथ किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि समापन दिवस पर क्षेत्रभर से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कथा आयोजन से पूरे गांव में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। महिलाएं, पुरुष और युवा सभी उत्साहपूर्वक कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण के साथ शुरू हुए इस आयोजन में शास्त्रीजी ने कहा कि भागवत केवल सुनने का विषय नहीं, बल्कि इसे जीवन में उतारने का संदेश देती है। यदि हम इसके आदर्शों को आचरण में लाएं तो समाज और व्यक्ति दोनों का कल्याण सुनिश्चित हो सकता है।

जनसभा व धरना प्रदर्शन का आयोजन किया

# धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव जमकर गरजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

सोमवार को अरनिया कला के हाट बजार मैदान में कांग्रेस द्वारा बीमा राशि व सोयाबीन में पीले मौजेक को लेकर कालापीपल के पूर्व विधायक व कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष महेन्द्र जोशी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह द्वारा जनसभा एवं धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।

धरना प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक ने कहा कि आज कहीं न कहीं प्रदेश का अन्नदाता दुखी है। किसानों को उनकी फसलों के दम नहीं मिल पा रहे हैं। प्याज का निर्यात रुका हुआ है। किसान आर्थिक परेशानी से जूझ रहा है लेकिन सरकार को उनकी आवाज सुनाई नहीं दे रही है। बीमा के नाम पर बैंक द्वारा बीमा प्रीमियम तो काटा गया लेकिन बीमा राशि देने में किसानों के साथ छलावा किया।




पूर्व विधायक बोले रतलाम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के काफिले पर पत्थरों से हमला किया गया लेकिन पुलिस देखती रही क्या यही कानून व्यवस्था है। कांग्रेस डरने वाली नहीं है वह सड़क से लेकर सदन तक किसान, युवा, मजदूर, शिक्षा बेरोजगार, स्वास्थ्य के मुद्दों को उठते रहेंगे। इस दौरान राज्यपाल के नाम कार्यपालिक मजिस्ट्रेट प्रदीप केन को ज्ञापन सौंपकर ज्ञापन में दिए गए बिंदू की निराकरण करने की मांग की गई।

### जेई के खिलाफ की नारेबाजी

अरनियाकला के किसानों भी कीट नाशक छिड़काव के समय बिजली के तारो से हुई मौत के मामले मे उस वक्त तुल पकड़ लिया। जिस वक्त पूर्व विधायक चौधारी के बुलाने पर भी जेई धरना स्थल पर नही पहुंचे इस दौरान बिजली कंपनी के जेई पर प्रकरण दर्ज करने की मांग करते हुए किसानों ने जमकर नारेबाजी की।

शिवभक्ति मय माहौल में रमा आया आयोजन स्थल

# सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक अनुष्ठान के तीसरे दिन रविवार को हजारों की तादाद में श्रद्धालु महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खचाखच भरे पंडाल में महिलाओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए समिति को अतिरिक्त पंडाल की व्यवस्था करनी पड़ी। भक्तिमय वातावरण में दिनभर लाखों पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। धर्माचार्य पंडित सोमेश परसाई ने अपने प्रवचन में धर्म का महत्व बताते हुए कहा कि धर्म रक्षार्थ सदा तत्पर रहना चाहिए, क्योंकि धर्म ही मानव जीवन का आधार है। उन्होंने पार्थिव शिवलिंग पूजन से शुभ फल व पुण्य फल प्राप्त होने की बात कही। अनुष्ठान के तीसरे दिन शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण



क्षेत्रों व दूसरे शहरों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंत्रोच्चार व वैदिक विधि-विधान के बीच धर्माचार्य द्वारा रुद्राभिषेक सम्पन्न कराया गया। हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष विधायक मोहन शर्मा ने बताया कि सोमवार को अनुष्ठान के चौथे दिन पूजन की थाली में श्रद्धालुओं को निशुल्क रुद्राक्ष वितरित किए जाएंगे। उन्होंने श्रद्धालुओ की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं सुचारू किये जाने की बात कही। सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक महाअनुष्ठान लगातार श्रद्धा, आस्था व उत्साह के साथ आगे बढ़ रहा है और नगर सहित पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल का संचार कर रहा है।

सेवा सदन में दिव्यांग क्रिकेटर प्रेमी की मांग पर विधायक प्रतिनिधि ने भेंट की क्रिकेट किट

# प्रतिभाओं का सहयोग कर उन्हें प्रोत्साहित करना हमारा पहला कर्तव्य : पृथ्वीराज टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रतिभाओं का हर संभव सहयोग कर उन्हें प्रोत्साहित करना हमारा पहला कर्तव्य है, जिसे निभाने का हम प्रयास कर रहे हैं। चाहे खेल हो या फिर अन्य क्षेत्र हम हर वर्ग और समुदाय के व्यक्ति की प्रतिभा को निखारने में मदद करेंगे। यह किट ग्रामीण क्षेत्र के इस प्रतिभा को देते हुए मुझे बहुत ही हर्ष और सुकून मिला है कि मैं इसको बयान नहीं कर सकता हूं। यह बात सेवा सदन कार्यालय में रविवार को सादे समारोह में ग्राम पंचायत देदला के दिव्यांग क्रिकेटर सुनील गुर्जर को क्रिकेट किट भेंट करते हुए विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल ने व्यक्त की।

**सोशल मीडिया पर आए छोटे से संदेश के माध्यम से दी बड़ी मदद :** कभी-कभी एक छोटा सा



संदेश, एक साधारण सी अपील दिल को ऐसे छू जाती है कि वह जीवन की दिशा तय कर देती है। ऐसा ही एक क्षण तब आया, जब एक दिव्यांग क्रिकेटर सुनील गुर्जर ने सोशल मीडिया पर एक संदेश पृथ्वीराज टेटवाल को भेजा था। गुर्जर ने टेटवाल को मैसेंजर पर लिखा था कि श्भैया, मैं दिव्यांग क्रिकेटर हूं, एमपी टीम में मेरा चयन हुआ है। मैं आपकी विधानसभा से हूं। मुझे क्रिकेट किट की जरूरत हैरू कृपा होगी। बस इतना पढते ही विधायक प्रतिनिधि टेटवाल कुछ पल के लिए ठहर गए। मन में पिता की वो सीख गूंजने लगी, कि बेटा, तू किसी पद से नहीं, सेवा से बडा बनेगा। और जब किसी की आवाज दिल तक पहुँचे, तो सोच मत बस आगे बढना। श्री टेटवाल ने तत्काल भोपाल में अपने एक मित्र को फोन किया, क्रिकेट किट मंगवाई और रविवार को सुनील को किट सौंप दी। यह कोई सहायता नहीं थी यह एक सपने को उडान देने की चुपचाप कोशिश थी। उस क्षण सुनील की आंखों में जो आंसू थे वो आभार के नहीं थे, वो एक स्वीकृति थी कि कोई है जो देख रहा है, सुन रहा है, और बिना कहे समझ रहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, महामंत्री कमल राठौर, सुशील व्यास, कमलेश टेटवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल पुष्पद, राजेंद्र सर्वावत, कमल राठौर, दीपक पुष्पद, अंतरिक्ष पारीक, प्रदीप टेटवाल, इफ्तिखार अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## चिकित्सक ने दिया जवाब, शिशु की मौत के मामले में होगी जांच

**आष्टा।** बीते दिनों सिविल अस्पताल में प्रसव के बाद हुई नवजात शिशु की मौत के मामले सोमवार को महिला चिकित्सक माधवी राय ने बीएमओ डॉक्टर अमित माथुर को लिखित में अपना जवाब पेश कर अपना पक्ष रखा। वही बीएमओ डॉक्टर अमित माथुर ने भी कहा कि कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद सोमवार को डॉक्टर माधवी राय कारण बताओ नोटिस का लिखित में जवाब दिया है। नोटिस के जवाब के बाद आवश्यकता लगी तो जांच टीम गठित कर आगे की कार्यवाही की जाएगी गौरतलब है की दिनांक 27 अगस्त को आष्टा निवासी गर्भवती महिला फरहीन पति शाहरूख उम्र 29 वर्ष निवासी आष्टा को परिजन सिविल अस्पताल आष्टा में प्रसव के लिए लेकर पहुंचे थे ।जहां प्रसव के बाद नवजात शिशु की मौत हो गई थी।ऐसे में महिला के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए थे वही डॉक्टर माधवी राय पर ड्यूटी पर नहीं होने के भी गंभीर आरोप लगाए थे। मामले में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी अमित माथुर ने डॉक्टर माधवी राय को कारण बताओ नोटिस जारी किया था वही सोमवार को माधवी राय ने अपना पक्ष लिखित में पेश किया!सूत्रों की माने तो डॉक्टर माधवी राय ने जो जवाब पेश किया है उसमें उन्होंने उक्त महिला की डिलीवरी में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होने की बात लिखी हुई है वही नवजात की मौत पर तर्क दिया है की स्थिति प्रसव पूर्व से ही रिस्क पर थी।यू.एस.जी. में भी बच्चें के चारो तरफ पानी की कमी थी। बिजी चिकित्सकों ने भी ऑपरेशन की सलाह दी थी। लेकिन महिला के परिजन नॉर्मल डिलीवरी का इंतेजार कर रहे थे। परिजन को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया था, चूंकि प्रसव का समय नजदीक हो चुका था, ऐसी स्थिति में प्रसूता को रेफर किया जाना भी संभव नहीं था। ऐसे परिजनों से लिखित सहमति लेकर ही प्रसव किया गया था लेकिन बच्चे को नहीं बचा सके।

### नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली वोट चोर गद्दी छोड़ रैली

# पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा बोले, वोट चोरी कराई जा रही, बूथ वार सूची हो जारी

पूर्व मंत्री के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व विधायक, पूर्व नपा अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सोमवार दोपहर में आष्टा में कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ,जिला कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गुजराती, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार, हरपाल सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए। दरअसल देश भर में कांग्रेस वोट चोर गद्दी छोड़ रैली निकालकर आक्रोश जता रही है इसी को लेकर सीहोर जिले के आष्टा में भी सोमवार को पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की मौजूदगी में विशाल रैली निकाली। यह रैली शहर के कॉलोनी चौराहा कन्नौद रोड से शुरू हुई और तहसील कार्यालय पहुंची यहां पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में देश भर में वोट चोर गद्दी छोड़ रैली निकाली जा रही है 15 दिन से प्रदेश भर में देश भर में है रैली निकाली जा रही है बिहार में रैली के माध्यम से आंदोलन हो रहा है और निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है वोट चोरों पर कार्रवाई हो। वर्मा ने कहा कि आज रैली का समापन है अगर यह वोट चोरी नहीं करते तो आज नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं होते यहां तक की बनारस की सीट भी नहीं जीत पाते वोट चोरी कर नरेंद्र मोदी को जिताया गया था, भाजपा और मध्य प्रदेश में मोहन सरकार घबराई हुई है। जो विकसित देश है अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन वह मशीनों से चुनाव नहीं करते हैं नरेंद्र मोदी की टीम मशीनों से चुनाव करती है अपने निर्वाचन आयोग को आदेश दे दिया है कि अगर कोई मशीन की जांच की मांग करें तो उसे पर कार्रवाई कर दो वोट चोरी हो रहा है कांग्रेस में वोट डाला जाता है और जाता है बीजेपी जाता है इन सभी मांगों को लेकर आज हमने राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन एस डी एम नितिन कुमार टाले को सोपा है। कार्यक्रम में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि वोट की चोरी से ही पूरे देश में सरकार बनी है और मध्य प्रदेश में भी पैसा ही हुआ है वोट चोरों पर कार्रवाई होना चाहिए।

### रैली के दौरान लगा लंबा जाम

कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस ने कॉलोनी चौराहे पर एकत्रित हुए थे इस दौरान कन्नौद मार्ग पर दोनों और करीब आधा किलोमीटर लंबा जाम लग गया करीब 1 घंटे तक रुक-रुक कर वहां चल रहे थे जाम में ही 10 मिनट तक एंबुलेंस भी फंसी रही यह जरूर है कि ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था संभालती रही लेकिन जाम रुक-रुक कर ही चला रहा। कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली के बाद एसडीएम को कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंपकर बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा जनवरी, 2025 में मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है जिसमें कई प्रकार की त्रुटियां प्रतीत हो रही है तथा मतदाता सूची को लेकर भ्रम की स्थिति निर्मित है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा कर्नाटक एवं बिहार में वोट चोरी रोकने के संबंध में मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है एवं बड़े पैमाने पर हुई अनियमितताओं को उजागर किया गया है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार सभी कांग्रेसजनों से आव्हान किया गया है कि राहुल गांधी की मंशानुसार प्रदेश में मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण होना चाहिए जिससे कि भविष्य में आने वाले चुनावों में मतदाता सूचियों में किसी भी तरह की अनियमितताएं स्थिर ना रह सके। इसलिए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा आपसे निम्नानुसार निवेदन है।



### ज्ञापन में यह की गई मांग

जनवरी, 2025 को जारी मतदाता सूची में अभी तक प्रारूप 6 के आधार पर जो भी नाम जोड़े गए है उनकी सूची बूथवार एवं विधानसभा क्षेत्र अनुसार प्रकाशित की जावे। जनवरी, 2025 को जारी मतदाता सूची में अभी तक प्रारूप 7 के अनुसार जो नाम हटाए गए है उनकी सूची बूथ वार एवं विधानसभा क्षेत्र अनुसार प्रकाशित की जावे। जनवरी, 2025 को जारी मतदाता सूची में अभी तक जिन मतदाताओं द्वारा अन्य विधानसभा में अपना नाम स्थानांतरण किया गया है उनकी सूची विधानसभा क्षेत्र अनुसार प्रकाशित की जावे। उनका विवरण उनकी सूची बूथवार एवं विधानसभा क्षेत्र अनुसार प्रकाशित की जाए। 4 जनवरी, 2025 को जारी मतदाता सूची के अनुसार जिन मतदाताओं का स्वर्गवास हो गया। मतदाताओं के नाम होने की स्थिति में उनकी सूची बूथ वार एवं विधानसभा क्षेत्र अनुसार प्रकाशित की जावे 5. वर्तमान मतदाता सूची 2025 में एक ही मकान के पते पर 10 मतदाताओं से अधिक जिससे कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा नियुक्त बीएलए उपरोक्त वस्तु स्थिति को व्यक्तिगत रूप से सत्यापित करे।

### कांग्रेस की रैली में यह कार्यकर्ता भी रहे मौजूद

कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा , प्रदेश कांग्रेस संगठन से जय श्री हरि कारण,जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार, हरपाल सिंह ठाकुर, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष गुलाब भाई ठाकुर घनश्याम जांगड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभा खेड़ी, फैजुद्दीन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए।

## पीएम आवास के हितग्राहियों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

### कच्चे मकान और किराए से रहना बनी मजबूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आवास योजना के एक लाख रुपए की राशि वाले हितग्रहियों को 6 माह का समय देने और किराएदार को दिए गए प्लांट पर कब्जा, पट्टा व बकाया किस्त देने के लिए रहवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। बताया कि शहर के 118 गरीब हितग्राहियों को दी गई 1 लाख रुपए की राशि ब्याज सहित वसूली के नोटिस दिए गए हैं।

जिन गरीब हितग्राहियों को एक लाख रुपए की अपने कच्चे मकान तोड़कर बनाने के लिए राशि दी गई थी। उन गरीब लोगों ने अभी तक उनके कच्चे मकान तोड़कर इसलिए निर्माण कार्य नहीं किया की पूर्व में भी देखा गया कि जिन्होंने 1 लाख रुपए की राशि से अपना कच्छा झोपड़ा छोड़कर नया निर्माण कार्य शुरू किया उनका 4 से 5 साल हो गए, लेकिन आज तक दूसरी किस्त नहीं आई। किसी की दूसरी किस्त आ गई तो तीसरी नहीं आई। उनके मकान अधूरे पड़े हैं। इधर-उधर मकान किराए से लेकर रह रहे हैं यदि हम भी हमारे कच्चे मकान झोपड़ी तोड़कर नया निर्माण शुरू कर देते तो हमारे बच्चों को किराए के मकान में अभी तक कहां ले जाते। हमें 6 माह की मोहलत और दी जाए हम 6 माह के अंदर हमारे कच्चे मकान को तोड़कर निर्माण कर लेंगे। हमें स्लिप हाइड होने के बाद दूसरी किस्त समय पर और छत और प्लास्टर की तीसरी किस्त समय पर दी।

अगर 6 माह के अंदर हमारे कच्चे मकान झोपड़ी तोड़कर नया निर्माण शुरू नहीं कर देंगे तो हम राशि ब्याज सहित वापस तहसील कार्यालय में आकर जमा कर देंगे। कई हितग्राही नगर पालिका के चक्कर लगा लगा कर परेशान हो रहे हैं कि हमें निर्माण करने की अनुमति दे दी जाए। समय-समय पर उनकी दूसरी और तीसरी किस्त भी खाते में दी जाए। यह सभी अभी तक किराए के मकान में रह रहे हैं जो हमारी क्षमता नहीं है। ज्ञापन के दौरान आवस योजना के कई हितग्राही मौजूद थे।

### जावर तहसील के पटवारी ने जीता पदक



**जावर।** हाल ही में भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित 15 वीं मध्यप्रदेश स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों के डिस्कस थ्रो खेल में एफ 55 कैटिगरी में सीहोर जिले की जावर तहसील के पटवारी गजराज सिंह तोमर द्वारा रजत पदक प्राप्त किया। तोमर पूर्व में भी पैरा एथलेटिक्स खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक प्राप्त कर चुके है। वे अपना पदीय कर्तव्यों का निर्वहन भी पूरी निष्ठा से करते है। उनके मध्यप्रदेश स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों के डिस्कस थ्रो खेल में एफ 55 कैटिगरी में रजत पदक प्राप्त करने पर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा, नायब तहसीलदार सिद्धांत सिंह सिंगला, राजस्व निरीक्षक विक्रम सिंह खटीक सहित समस्त पटवारियों एवं राजस्व विभाग जावर के समस्त स्टॉफ द्वारा खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी गई।

## बलराम जयंती पर हुए आयोजन, अच्छी फसल की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

आष्टा तहसील में भारतीय किसान संघ द्वारा कृषि देवता भगवान बलराम की जयंती मनाने का क्रम अनवरत रूप से चल रहा है। नगर परिषद कोठरी में भगवान बलराम जयंती अंबिका चौक छोटा बाजार कोठरी मनाई गई ।जिसमें कृषि के देवता भगवान बलराम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसमें किसानों को उनकी फसल का उचित लाभ मिले व हर किसान धन-धान्य से परिपूर्ण हो जाए हमारा देश समृद्ध रहे तथा विकास की राह पर आगे बढ़े, भारतभूमि पर हमेशा हरियाली छाई रहे इस हेतु भगवान बलराम से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित किसने सभी किसानों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया जिसमें प्रमुख रूप से,जिला अध्यक्ष राकेश वर्मा एवं युवावाहिनी संयोजक सचिन पटेल जिला कार्यकारिणी सदस्य श्रीमान मोतीलाल जी मंडलोई, ईश्वर जी ठाकुर एवं तहसील अध्यक्ष जितेंद्र आर्य और तहसील उपाध्यक्ष शिवनारायण वर्मा ओडी, धर्म सिंह, रमेश वर्मा सहित और ग्राम नगर इकाई अध्यक्ष एवं मंत्री अखिलेश जैन, लखन लाल वर्मा और ग्राम नगर के कार्यकारिणी सदस्य पूर्व अध्यक्ष कैलाश जी, धर्म सिंह, लाड सिंह, देवी प्रसाद चौधरी, बाबूलाल ओडी, श्यामलाल, राकेश चंद्रवंशी, राम सिंह जी देवदलिया, महेश जी विधायक, संतोष ओडी, रितेश मंडलोई, नवीन गड़ी, राजा पहलवान, दिनेश पार्षद, जीवनलाल गढ़ी, मुकेश ओडी, धर्म सिंह चौधरी, रमेश बतनदार, नारायण सिंह ,बनवारी पटेल आदि उपस्थित रहे।



## श्रीराम मंदिर में भजन मंडलियों ने दी प्रस्तुति

### सुंदरकांड के साथ भजन संध्या का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन हुआ। स्वर्गीय डोंगरसिंह कन्नावदिया की चौथी पुण्यतिथि पर आठ मंडल सम्मिलित हुए। श्री राम मंदिर समिति अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल ने बताया कि स्वर्गीय श्री कन्नावदिया मंदिर समिति के अभिन्न अंग थे। उनकी चौथी पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बड़े-ही हर्ष के साथ सभी मंडलों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई। कवि राकेश ने पिता के विरह पर अपनी रचना से उपस्थित लोगों की आंखे नम कर दी। यह कार्यक्रम मंदिर समिति, माही ट्रेडिंग कंपनी, तीनों पुत्र बलराम वर्मा, कृष्णा पटेल पत्रकार और जेपी वर्मा ने पुण्यतिथि के अवसर किया। यह कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र इसलिए भी बना कि सभी मंडलों का एक जगह प्रस्तुति देने का यह आयोजन पहली बार राम मंदिर कोठरी में किया गया। सभी के निर्णय पर सभी मंडलों को सम्मान दिया। मारुति मानस मंडल कोठरी, श्री राम भक्त मानस मंडल मुल्लानी, श्री रघुवर मानस मंडल कोठरी, नवयुवक बालक मंडल मानाखेड़ी, मानस युवा मंडल कोठरी, श्री शारदा मानस मंडल मानाखेड़ी, श्री बालाजी मानस मंडल पवन चौक कोठरी और श्रीजी म्यूजिकल ग्रुप आदि मंडलों ने प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। उपस्थित सभी मंडल अध्यक्षों व गायक कलाकारों आदि को प्रतीक चिन्ह व सम्मान स्वरूप राशि प्रदान कर सभी मंडलों का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन रोहित गौतम व अंत में रुपेश पटेल, कृष्णा पटेल ने आभार व्यक्त किया।

## डीजे की आवाजों से अस्पताल में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित माथुर ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को एक पत्र लिखकर डीजे पर रोक लगाने की मांग की है जानकारी अनुसार मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित माथुर ने आष्टा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने लिखा है की सिविल अस्पताल के पिछे के बुधवारा मार्ग पर आये दिन जुलुस निकलते है, जिसमें डी.जे. एवं अन्य अतियंत तीव्र ध्वनी वाले बाजे आदि निकलते है, चुकि उक्त मार्ग के साईड़ में ही प्रसुति महिला वार्ड है, जिसमें 01 दिन बाद की प्रसुति माता एवं नवजात शिशु भर्ती रहते है, अत्याधित तीव्र गति वाले ध्वनी सयंत्रो के कारण प्रसुति माता एवं नवजात शिशु के स्वास्थ्य पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ते हैं जिसके कारण हृदयघात, कान के पर्दे खराब हो जाना आदि समस्या हो सकती है। ऐसे में प्रसुति माता एवं नवजात शिशु के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये सिविल अस्पताल आष्टा के पास से निकलने वाले जुलुस में उपयोग होने वाले डी.जे. एवं अन्य ध्वनी सयंत्रों को 30 डेसिमल से अधिक तीव्रता में न बजाने हेतु निर्देशित करने की कृपा करे, जिससे की प्रसुति माता एवं नवजात शिशु के स्वास्थ्य का उचित ध्यान रखा जा सके।

### बाल तपस्वी भूमिका भंडारी के 9 उपवास की तपस्या के निमित्त निकाली रथ यात्रा

# नगर वासियों ने तपस्वी भूमिका का जगह-जगह किया बहुमान





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

महिदपुर रोड भंडारी परिवार की बिटिया कुमारी भूमिका रितेश भंडारी के 9 उपवास की तपस्या की निमित्त भव्य रथ यात्रा राजेंद्र सुरि ज्ञान मंदिर से लाभार्थी परिवार पारसमल, निलेश कुमार, रितेश कुमार भंडारी परिवार द्वारा निकाली गई रथ यात्रा में बाल तपस्वी भूमिका भंडारी का जगह-जगह बहुमान जैन समाज एवं अन्य समाजजनों द्वारा किया गया।

इसी के साथ ही सभी समाजजन तपस्वी की जय जयकार लगाते हुए चल रहे थे। पश्चात रथ यात्रा तप उत्सव स्थल पोरवाल परिसर पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित हुई वहां पर बाल तपस्वी भूमिका भंडारी का बहुमान परिवारजन आमंत्रित महानुभव एवं समाज जनों द्वारा किया गया तत्पश्चात सकल जैन श्री संघ एवं आमंत्रित महानुभावों के साथ धार्मिक वात्सल्य का आयोजन पोरवाल परिसर में किया गया। गत दिवस रात्रि में तपस्या के निमित्त धार्मिक भजन चौबीसी का आयोजन पोरवाल परिसर में किया गया मंगलकारी आयोजन के अवसर पर सकल जैन श्री संघ, आमंत्रित महानुभव परिवारजन एवं नगर वासियो में उपस्थित हो कर तपस्वी के तप की अनुमोदना कर धर्म लाभ प्राप्त किया। ऊक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

## मेजर ध्यानचंद की स्मृति में तीन दिवसीय खेल दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

खेल दिवस पर खेलो का आयोजन किया गया। सृजन श्री स्कूल में भी कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आष्टा नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मंडी अध्यक्ष रूपेश राठौर, रामनरेश यादव, प्राची रेकवाल, खेल विभाग के युवा समन्वयक जितेन्द्र आजाद उपस्थित थे। प्रगति मैदान कोठरी मे हुए कायक्रम में मुख्य रूप से भूत पूर्व खिलाड़ी उपस्थित रहे। इसी कार्यक्रम में 31 अगस्त को कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास कोठरी में मेजर ध्यानचंद, सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं को फिट रहने की शपथ दिलाई गई। फिट इंडिया, स्वस्थ इंडिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृष्णपाल वर्मा उपस्थित रहे। छात्रावास की अधीक्षिका गंगा बरडे तथा प्रशिक्षक प्राची रेकवाल, प्रफुल रेकवाल, खेल विभाग के जितेन्द्र आजाद उपस्थित रहे।